(i) Printed Pages : 4 Roll No. ..............................

(ii) Questions : 8

Sub. Code : | 1 | 0 | 4 | 0 | 7 |

Exam. Code : | 5 | 0 | 0 | 2 |

**Bachelor of Arts (FYUP) 2nd Semester**

**(2055)**

**HINDI**

**Paper : Bhakti Kavya Sahitya Ithihaas Avem Vyavharik Hindi**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

इकाई—I

1. निम्नलिखित में से एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :–

(क) निर्गुण कौन देस को बासी।
मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै बूझति साँच न हांसी।।
को है जनक कौन है जननी कौन नारि को दासी।
कैसो बरन भेष है कैसो केहि रस में अभिलासी।।
पावैगो पुनि कियो आपनो, जोर करैगो गासी।
सुनत मौन है रह्यो बावरो सूर सवै नासी।।

अथवा

(ख) पतियां मैं कैसे लिखूं, लिखही न जाइ।
कलम धरत मेरो कर कंपत, हिरदो रहो धर्राई।।
बात कहूं मोहि बात न आवै, नैन रहै झर्राई।
किस विध चरण कमल में गहिहौं, सबहि अंग थर्राई।
मीरां कहै प्रभु गिरधर नागर, सबही दु:ख बिसराई। $1 \times 8 = 8$

2. सूरदास के साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

गिरिधर कविराय रचित कुंडलियों का सारांश लिखते हुए उद्देश्य पर प्रकाश डालें। $1 \times 12 = 12$

## इकाई—II

3. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

(क) सूफी काव्य से क्या अभिप्राय है ? प्रसिद्ध सूफी सिद्धान्तों का परिचय दीजिए।

(ख) अष्टछाप के कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) रामभक्ति शाखा के उद्‌भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'भक्तिकाल हिन्दी का स्वर्ण-गुण है' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

2×10=20

4. निम्नलिखित **15** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से **10** के उत्तर दीजिए :

(1) रामचन्द्रिका के कवि का नाम लिखें।

(2) कबीर किस काल के और किस धारा के कवि हैं ?

(3) मीरा की भक्ति किस प्रकार की है ?

(4) 'पद्‌मावत' की रचना किस शैली में हुई ?

(5) भक्तिकाल की प्रमुख चार काव्य धाराओं के नाम लिखिए।

(6) तुलसीदास किस बादशाह के समकालीन थे ?

(7) 'सखी संप्रदाय' किसने चलाया था ?

(8) गुरू नानक देव जी भगवान के किस रूप के उपासक थे ?

(9) रामचरितमानस की रचना किस शैली में हुई है ?

(10) ज्ञानमार्गी काव्यशाखा के चार प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(11) कवित्त सवैये लिखने वाले प्रसिद्ध कवि का नाम लिखें।

(12) निम्बार्काचार्य द्वारा `प्रचलित सम्प्रदाय का नाम लिखें।

(13) भ्रमरगीत परंपरा का मूल स्रोत क्या है ?

(14) ब्रजभाषा के दो ग्रंथों के नाम लिखें।

(15) रैदास के गुरू का नाम लिखें।

1×10=10

## इकाई—III

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें :–

(1) दैव दैव आलसी पुकारा

(2) पराधीन सपनेहु सुख नाहीं

(3) संगठन में शक्ति है

(4) शिक्षा और नारी जागरण। 10×1=10

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

भाव के सम्बन्ध में यही सत्य है। जिसके तल में कोई संश्लिष्ट जीवन दर्शन नहीं है, उसे आकाश का जल ही कहा जा सकता है। जीवन को तट देने के लिए, उसके आदि की इकाई को अन्त की समष्टि में असीमता देने के लिए ऐसे दर्शन की आवश्यकता रहती है जिस पर श्रेय, प्रेम में तरंगायित होकर सुन्दर बन सके। यदि कोई भावधारा ऐसी संश्लिष्ट दर्शन-भूमि नहीं पाती तो उसके स्थायित्व का प्रश्न संदिग्ध हो जाता है।

यह दर्शन, महाकाव्य की रेखाओं से जिस विस्तार तक घिर सकता है उसे विस्तार तक गीत से नहीं। छायावाद युग में भाव के जिस ज्वार ने जीवन को सब ओर से प्लावित कर दिया था, उसके तट और गन्तव्य के संबंध में जिज्ञासा का उत्तर कामायनी ने दिया।

प्रश्न :–

(1) उपरोक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए।

(2) भाव के संबंध में क्या सत्य है ?

(3) आदि की इकाई को असीमता देने का क्या अर्थ है ?

(4) दर्शन किस में अधिक समेटा जा सकता है ?

(5) कैसे विचार का जीवित रहना संदिग्ध रहता है ? 10

## इकाई—IV

7. निम्नलिखित में से पाँच मुहावरों/लोकोक्तियों को वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाए :–

(1) ईश्वर की माया कहीं धूप कहीं छाया,

(2) कान का कच्चा,

(3) एड़ी चोटी का जोर लगाना,

(4) चादर देखकर पाँव पसारना,

(5) गूलर का फूल,

(6) हाथ कंगन को आरसी क्या,

(7) घोड़े बेचकर सोना,

(8) गढ़े मुर्दे उखाडना। 10

8. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं दस के हिन्दी रूप लिखिए :–

(1) Dispatch

(2) Charge Sheet

(3) Adressee

(4) Book fair

(5) Disbursement

(6) Complimentry

(7) Colour Blindness

(8) Citation

(9) Discipline

(10) Composite

(11) Attestation

(12) Character-Certificate

(13) Cashier

(14) Attendant

(15) Agitation. 10